वर्ष 2019 का प्रश्न-पत्र

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नांकित में कौन शान्ति-अभिवृत्ति नहीं है-
   (अ) अहिंसा एवं करुणा (ब) न्याय
   (स) मस्तिष्क का खुलापन (द) हिंसा एवं विवाद। ❑ **उत्तर**—(द)
2. योग दर्शन के प्रणेता है-
   (अ) कपिल (ब) पतंजलि
   (स) शंकराचार्य (द) अरविन्द घोष। ❑ **उत्तर**—(ब)
3. शान्ति कौशलों का आधार है-
   (अ) तनाव व दबाव (ब) सृजनात्मकता
   (स) संवेगात्मक अस्थिरता (द) संकीर्ण विचार। ❑ **उत्तर**—(अ)
4. किसी को हानि पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया व्यवहार कहा जाता है-
   (अ) आक्रामकता (ब) अमित्रवत् व्यवहार
   (स) विघटित व्यवहार (द) भ्रष्टाचार। ❑ **उत्तर**—(अ)
5. भावात्मक एकता समिति (1961) के अध्यक्ष थे-
   (अ) डॉ. जाकिर हुसैन (ब) इंदिरा गाँधी
   (स) डॉ. पूर्णानन्द स्वामी (द) डॉ. सम्पूर्णानन्द। ❑ **उत्तर**—(द)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. प्रभावी शान्ति निर्माता बनाने हेतु विद्यार्थियों में कौन-कौन से वैयक्तिक कौशल विकसित किया जाना चाहिए।
7. चरित्र का निर्माण करने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए।
8. साइबर बुलिंग से क्या समझते हैं?
9. मानवाधिकार शिक्षा के कोई दो उद्देश्य बताइए।
10. तनाव कम करने की किन्हीं दो अप्रत्यक्ष विधियों का उल्लेख कीजिए।
11. एस. डी. जी. (S.D.G.) का पूरा नाम लिखिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. वैश्विक दृष्टि से शान्ति शिक्षा की आवश्यकता सिद्ध कीजिए।
13. प्राणायाम से क्या अभिप्राय है? लिखिए।
14. बच्चे के विकास में साथी-समूह की भूमिका स्पष्ट कीजिए।
15. व्यवहारवाद की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।
16. मीडिया और हिंसा में क्या सम्बन्ध है? लिखिए।
17. महात्मा गाँधी ने शान्ति की स्थापना हेतु किस प्रकार के आचरण पर बल दिया? लिखिए।
18. स्नायुविकृति से सम्बन्धित कार्य व्यवहार पर प्रकाश डालिए।